## आयोजन समिति

1. श्री अमरदीप एक्का, सहा. प्रा. राजनीति शास्त्र, शा0 नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर
2. सुश्री विद्या राजपूत, अति. व्या., शा0 नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर
3. सुश्री गंगोत्री पैंकरा, अति. व्या., शा0 नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर
4. डॉ. अखिलेश कुमार यादव, अति. व्या., शा0 नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर
5. डॉ. आयुषी गुप्ता, अति. व्या., शा0 नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर
6. श्री पंकज कुसमी, अति. व्या., शा0 नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर
7. सुश्री कंचन गुप्ता, अति. व्या., शा0 नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर
8. श्रीमती पूजा हालदार, अति. व्या., शा0 नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर
9. श्री राजेश साहू, अति. व्या., शा0 नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर
10. श्री हेमंत कुमार, अति. व्या., शा0 नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर
11. श्री हृदय विश्वकर्मा, सहायक ग्रेड 1, शा0 नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर
12. श्री ऋषि राज गुप्ता, प्रयोगशाला तकनिशियन, शा0 नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर

### संयोजक

डॉ. वैभव कुमार, सहायक प्राध्यापक, वनस्पतिशास्त्र

### सह–संयोजक

श्री विवेक सिंह आयाम, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य

### सचिव

श्री ब्लासियुस एक्का, सहायक प्राध्यापक, हिन्दी




## संरक्षक

श्री एन. के. देवांगन
प्राचार्य,
शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
जिला – बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)

श्री अगस्टिन कुजूर
प्राचार्य,
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
जिला – बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)

## परामर्श मण्डल

1. डॉ. रिजवान उल्ला
अपर संचालक, उच्च शिक्षा, सरगुजा संभाग
2. डॉ. ए. ए. खान
प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग, शा0 दानवीर तुलाराम पीजी महाविद्यालय उतई
3. डॉ. अनिल सिन्हा
सहा. प्रा. भूगोल विभाग, राजीव गांधी शा0 स्ना0 महाविद्यालय अम्बिकापुर
4. डॉ. एस. एन. पाण्डेय
अंग्रेजी विभाग, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर
5. डॉ. सी. एल. पाटले
प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय सनावल
6. डॉ. पुनीत कुमार राय
प्राचार्य, अरूण प्रताप सिंहदेव शासकीय महाविद्यालय शंकरगढ़
7. श्री सुधीर सिंह,
शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय वाड्रफनगर
8. डॉ. सत्येन्द्र कश्यप,
प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय रामचन्द्रपुर
9. श्रीमती रोज लिली बड़ा
प्राचार्य, शासकीय लरंगसाय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामानुजगंज
10. डॉ. उमेश कुमार पाण्डेय
सहा. प्राध्यापक, राजीव गांधी शा0, स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर
11. श्री नन्दकिशोर सिंह
सहा. प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर
12. श्री विनीत कुमार गुप्त
सहा. प्राध्यापक राजीव गांधी शा0 स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर

आजादी के 75 वर्ष
आजादी का अमृत महोत्सव
Azadi Ka Amrit Mahotsav

# आमंत्रण

**शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर**
**जिला – बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)**

के तत्वावधान में आयोजित

एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

**05 अक्टूबर, 2024**

## "भारतीय ज्ञान परम्परा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020"




### आयोजक

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)
एवं
राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन प्रकोष्ठ
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामुपर (छ0ग0)

### संपोषक

उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन




### कार्यक्रम स्थल

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर
जिला - बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)

# आमंत्रण

मान्यवर महोदय/महोदया,

अत्यंत प्रसन्नता के साथ सूचित किया जाता है कि **आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन प्रकोष्ठ** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर के तत्वाधान में दिनांक 05 अक्टूबर, 2024 को **''भारतीय ज्ञान परम्परा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020''** विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। सभी इच्छुक प्रतिभागियों से अनुरोध है कि इस संगोष्ठी में सम्मिलित होकर लाभान्वित हों।

**महाविद्यालय का परिचय :–**

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर छत्तीसगढ़, सरगुजा संभाग के जिला मुख्यालय बलरामपुर में स्थित है। महाविद्यालय की स्थापना 2021 में हुई थी। महाविद्यालय बेटी पढ़ाओ–बेटी बढ़ाओ के उद्देश्य को पूर्ण करते हुए कन्या शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले अधिकांश छात्राएं ग्रामीण परिवेश एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से आते हैं। खनिज व वन संपदा से समृद्ध बलरामपुर जिला की सीमाएं उत्तरप्रदेश और झारखण्ड को स्पर्श करती है। महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के बौद्धिक स्तर विकसित करने एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रति जागरूकता के लिए अकादमिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। बलरामपुर, संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर से 80 कि.मी., गढ़वा से 75 कि.मी., रायपुर से 420 कि.मी., बिलासपुर से 310 कि.मी. है। इन स्थानों से बलरामपुर सड़क मार्ग द्वारा जुड़ा हुआ है। तातापानी, डीपाडीह व पवईफाल बलरामपुर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं।

**संगोष्ठी का उद्देश्यः**

भारतीय ज्ञान परम्परा में भारत की बहुमुखी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत की बहुलता है। भारत की प्राचीन सभ्यता बहुमुखी, बहुसांस्कृतिक और लोक–कलाओं, सांस्कृतिक परम्पराओं और वेदों, पुराणों व पंचतंत्र से समृद्ध है। भारतीय ज्ञान परम्परा के अतर्गत शिक्षा को विद्या, ज्ञान दर्शन, प्रबोध, प्रज्ञा, वागीशा एवं भारती इत्यादि शब्दों से परिभाषित किया गया है। भारतीय ज्ञान प्रणाली के स्वर्णिम इतिहास के अध्ययन से ज्ञात होता है कि प्राचीन समय में इस परम्परा का अभिष्ट उद्देश्य ज्ञान प्राप्ति करते हुए विद्यार्थी के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना तथा उसे समाजोपयोगी बनाना था। वर्तमान समय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परम्परा के अध्ययन–अध्यापन में विशेष बल दिया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय ज्ञान परम्परा एवं विचारों के समृद्ध आलोक में निर्मित की गई है। जिसके अध्ययन से विशिष्ट रूप से नयी पीढ़ी के विद्यार्थियों में भारतीय होने का गौरव जागृत होगा। इस संगोष्ठी के माध्यम से उनगूढ़ विषयों पर देशभर के स्थापित और प्रतिष्ठित साहित्यकार विमर्श करेंगे। इस चर्चा–परिचर्चा में अवश्य ही अनेक उपयोगी निष्कर्ष आएंगे जिनके माध्यम से शोध, शिक्षा और चिंतन–मनन हेतु कई आयाम पर व्यापक कार्य के मार्ग का अन्वेषण हो सकेगा। इन्ही विशेष संदर्भों व मुद्दों को ध्यान में रखते हुए आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 05 अक्टूबर 2024 को **''भारतीय ज्ञान परम्परा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020''** विषय पर किया जा रहा है। इस आयोजन के विचार विमर्श से शिक्षाविद्, शोधार्थी और विद्यार्थी अवश्य लाभान्वित होंगे।

**संगोष्ठी की महत्ताः**

इस एक दिवसीय अंतःविषय संगोष्ठी के माध्यम से विज्ञान, गणित, कला में अंतर्निहित वैज्ञानिक कारण, तार्किक क्षमता, अनुसंधान संभावनाओं के नये आयाम विकसित किए जाएंगे। इससे छात्र, शोधकर्ता और बुद्धिजीवी निश्चित रूप से भारतीय ज्ञान प्रणाली के माध्यम से बहुत कुछ नया सीख सकेंगे और अपने ज्ञान का विस्तार कर सकेंगे। संगोष्ठी में आमंत्रित विद्वानों का गहन विश्लेषण और वैचारिक अभिव्यक्ति शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिभागियों के ज्ञान को अद्यतन करेगी। आज के समय की आवश्यकताओं के अनुसार भौतिक संसाधन और प्रगति आवश्यक है, लेकिन हमारी विरासत और निरंतर विकास व समृद्धि को संरक्षित करने से ही हमारे समाज का विकास संभव है।

**सम्मेलन में शोध प्रपत्र हेतु कुछ विचारणीय बिंदु/उपविषय :**

1. भारतीय ज्ञान परम्परा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020
2. भारतीय ज्ञान परम्परा में ज्ञान और विज्ञान
3. भारतीय ज्ञान परम्परा का इतिहास और स्वरूप
4 .भारतीय ज्ञान परम्परा की प्रासंगिकता
5 .भारतीय ज्ञान परम्परा और समाज
6. भारतीय ज्ञान परम्परा और अर्थव्यवस्था
7. भारतीय ज्ञान परम्परा और राजनीति
8. भारतीय ज्ञान परम्परा का समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान
9. व्यक्तिगत जीवन में भारतीय ज्ञान परम्परा की उपयुक्तता
10. प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति और गुरूकुल शिक्षा पद्धति
11. विकसित भारत बनाने में भारतीय ज्ञान परम्पराओं की भूमिका
12. भारतीय परम्परा के विविध आयाम
13. भारतीय ज्ञान परम्परा का वैश्विक संस्कृति पर प्रभाव
14. भारतीय ज्ञान परम्परा और कौशल विकास
15. भारतीय ज्ञान परम्परा कल, आज और कल
16. भारतीय ज्ञान परम्परा में शक्ति आंदोलन का महत्व
17. राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा एवं स्थानीय भाषा का विकास
18. राष्ट्रीय शिक्षा नीति और हिन्दी भाषा की भूमिका
19. राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रासंगिकता
20. सृजनात्मक नवाचार में शोध अनुसंधान
21. भाषा व साहित्य के क्षेत्र में रोजगार की संभावना

**प्रतिभागिता शुल्क (पंजीयन)**

| क्र. | प्रतिभागी | शुल्क |
|---|---|---|
| 1. | प्राध्यापकों | 300 |
| 2. | शोधार्थी | 200 |

**शोध पत्र एवं सारांश आमंत्रणः**

संगोष्ठी के विषय से सम्बद्ध किसी भी पक्ष पर शोधपत्र आमंत्रित है। शोधपत्र के लिए अधिकतम शब्द सीमा 3000 एवं शोध सारांश के लिए 500 है। शोधपत्र एवं सारांश **हिन्दी फॉन्ट यूनीकोड साईज 14** अथवा अंग्रेजी में **Times New Roman** फॉन्ट 12 में होनी चाहिए।

चयनित शोधपत्रों को ISBN के साथ पुस्तकाकार रूप में प्रकाशित भी किया जाएगा। पुस्तक प्राप्ति के लिए रू. 500 अतिरिक्त शुल्क देय होगा। शोधपत्र एवं सारांश 03 अक्टूबर 2024 तक MS Word फाईल एवं पीडीएफ फाईल में इस पते पर मेल करें –seminargngc2024@gmail.com नोट – प्रतिभागियों के जलपान, भोजन का प्रबंध आयोजक संस्था द्वारा किया जायेगा। आवास का प्रबंध एवं मार्गव्यय का वहन प्रतिभागियों को स्वयं करना होगा।

**Bank Details:-**

**Account Number :** 50100470748901

**Bank Name :** HDFC BANK

**Branch : Balrampur (C.G.)**

**IFSC Code : HDFC0006233**

**Account Bar Code**

Scan & Pay with Cards & UPI

**पंजीकृत प्रतिभागियों को ही प्रमाण–पत्र दिए जाएंगे।**

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**

**डॉ0 वैभव कुमार, संगोष्ठी संयोजक**

**मो0 91 7068282625**

ऑनलाईन पंजीयन फार्म लिंक - https://forms.gle/GV8sLZk9ATKupeUd7

व्हाट्सएप्प ग्रुप लिंक - https://chat.whatsapp.com/LO9tDwhD6pj8yELc4MOFpe